Title: Request to acquire land for the Zonal office at Jaipur and to open it early.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, १९९७ में जब देवेगौड़ा भारत के प्रधान मंत्री थे, जयपुर में जोनल आफिस जो कि अभी मुम्बई में है, उसका उदघाटन करने जयपुर शहर आए थे। मैंने उस समय भी कहा था कि जमीन मिली नहीं है, केवल पत्थर का उदघाटन करने आए हो। अफसोस की बात है कि वहां केवल पत्थर लगा है जोनल आफिस के लिए अभी तक जमीन नहीं ली गई है। कुछ कर्मचारी वहां रख दिए गए हैं। ३.५० करोड़ रुपया कर्मचारियों पर व्यय हो रहा है। मेरा निवेदन है कि उसके लिए जमीन दी जाए और जयपुर में जोनल आफिस बनाकर प्रारम्भ किया जाए।